हमारे विषय में

- IFRS संस्थान (IFRS Foundation) एक स्वतंत्र, लाभ-निरपेक्ष संगठन है जो उच्च गुणवत्ता के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (इन्टर्नैशनल फाइनैन्शियल रिपोर्टिंग स्टैन्डर्ड्स - IFRSs) के एकल सेट को विकसित करने और उसके उपयोग को बढ़ावा देने में जनता के हित में काम करता है।
- विभिन्न IFRSs को संगठन के मानक-स्थापित करने की स्वतंत्र संस्था, अंतर्राष्ट्रीय लेखा-प्रणाली मानक बोर्ड (इन्टर्नैशनल अकाउन्टिंग स्टैन्डर्ड बोर्ड - IASB) द्वारा विकसित किया जाता है। IFRSs के विकास में, IASB एक पूरी तरह से उचित प्रक्रिया का अनुसरण करता है जो पारदर्शिता के सिद्धांतों, पूर्ण और उचित परामर्श और उत्तरदायित्व पर आधारित होती है।
- IASB में 16 सदस्यों होते हैं जिनको विभिन्न IFRSs के साथ उनकी व्यावसायिक पृष्ठभूमि और व्यावहारिक अनुभव के आधार पर चुना जाता है और उसके बाद एक संस्तुत भौगोलिक आवंटन किया जाता है। आवंटन के अनुसार, चार IASB सदस्यों को एशिया ओशिनिया से, चार को यूरोप से, चार को उत्तरी अमेरिका से, एक को दक्षिण अमेरिका से, एक को अफ्रीका से और दो को किसी भी क्षेत्र से आना चाहिये। एशिया ओशिनिया से उन चार बोर्ड सदस्यों के अतिरिक्त, IASB के उपाध्यक्ष, इयन मैकिन्टोश (Ian Mackintosh) भी क्षेत्र (ऑस्ट्रेलिया) से आते हैं।
- 2012 तक, IASB के काम को 20 से अधिक राष्ट्रीयताओं के 65 तकनीकी कर्मचारियों द्वारा समर्थित किया गया है जिनमें लगभग एक चौथाई तकनीकी कर्मचारी एशिया ओशिनिया क्षेत्र के देशों से आते हैं।
- इस संगठन के काम का निरीक्षण IFRS फाउंडेशन के 22 न्यासियों (Trustees) द्वारा किया जाता है। वर्तमान में, सात न्यासी एशिया ओशिनिया क्षेत्र से आते हैं। अपने काम में, ये न्यासी एक बाहरी निगरानी बोर्ड (Monitoring Board) के प्रति उत्तरदायी होते हैं जिसमें सार्वजनिक पूंजी बाजार के अधिकारी शामिल होते हैं।

एशिया ओशिनिया क्षेत्र से न्यासी और IASB के सदस्य

एशिया ओशिनिया से IASB सदस्य



1. इयन मैकिन्टोश (Ian Mackintosh), ऑस्ट्रेलिया (उपाध्यक्ष)
2. प्रभाकर कालावाचरला (Kalavacherla), भारत
3. टाकात्सुगु ओची (Takatsugu Ochi), जापान
4. चंग वू सुह (Chung Woo Suh), कोरिया गणतंत्र
5. झांग वी-ग्वो (Zhang Wei-Guo), पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना

एशिया ओशिनिया से IFRS फाउंडेशन ट्रस्टी

1. त्सुग्वोकी (अकी) फुजिनुमा (Tsuguoki (Aki) Fujinuma), (उपाध्यक्ष) जापान
2. रोनाल्ड अरकुल्ली (Ronald Arculli), हांग कांग एसएआर, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना
3. सी बी भावे (C. B. Bhave), भारत
4. डक-कू चुंग (Duck-Koo Chung), कोरिया गणतंत्र
5. नोरियाकी शिमाज़ाकी (Noriaki Shimazaki), जापान
6. यंग ली (Yong Li), पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना
7. जेफरी लुसी ए एम (Jeffrey Lucy AM), ऑस्ट्रेलिया

मित्सुहिरि टाकेमुरा (Mitsuhiro Takemura), कार्यालय निदेशक

IFRS फाउंडेशन एशिया ओशिनिया संपर्क कार्यालय

Otemachi Financial City
South Tower 5F, 1-9-7,
Otemachi, Chiyoda-ku
Tokyo 100-0004/Japan

फोन: +81 (0)3 5205 7281
फैक्स: +81 (0)3 5205 7287
ई-मेल: AsiaOceania@ifrs.org

IFRS Foundation

एशिया-ओशिनिया संपर्क कार्यालय



IFRS™

कार्यालय के क्या कार्य हैं?

क्षेत्र में एक समर्पित संपर्क।
संपर्क कार्यालय, IFRS फाउंडेशन और IASB के कार्य में रुचि रखनेवाले, या उससे प्रभावित होने वाले हितधारकों के लिए एक समर्पित, क्षेत्रीय संपर्क बिंदु प्रदान करता है। IFRS फाउंडेशन के कर्मचारियों को क्षेत्र के अधिक सुविधाजनक टाइम जोन में रखने से, उस क्षेत्र लिए तात्कालिक पूछ-ताछ के मामलों में समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित होती है। कर्मचारी पूछ-ताछ का उत्तर सीधे दे सकते हैं या – जहाँ आवश्यकता हो – यह सुनिश्चित करेंगे कि पूछ-ताछ से मुख्य कार्यालय में उचित संपर्क द्वारा निपटा जाए।

एक क्षेत्रीय आधार और अनुसंधान हब (केंद्र)।
यह आशा है कि संपर्क कार्यालय एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र में विकसित होगा। राष्ट्रीय मानक प्रवर्तकों और अन्यों से नियुक्त व्यक्तियों को संपर्क कार्यालय में रखा जा सकता है जो IASB के मार्गदर्शन के अधीन, उस क्षेत्र के लिए विशेष रुचि के मानक स्थापित करने के मुद्दों की छान-बीन करेंगे। इसके अतिरिक्त, नियुक्त व्यक्ति या कार्यालय के कर्मचारी भी IASB के तथ्य खोजने के कार्यों में योगदान दे सकते हैं, उदाहरण के लिए, जारी परियोजनाओं के IASB प्रभाव विश्लेषण हेतु क्षेत्र से प्रमाण जुटाना और उनका मूल्यांकन करना और प्रमुख मानकों के कार्यान्वित करने के बाद की समीक्षा में योगदान करना।

अधिक घनिष्ठ सहयोग के लिए एक मंच।
पूरी दुनिया में विभिन्न IFRSs की सफलता प्रत्येक क्षेत्राधिकार की प्रतिबद्धता और IASB के मानक स्थापित करने की प्रक्रिया में उनके सक्रिय योगदान पर निर्भर करती है। इसे स्वीकार करते हुए, संपर्क कार्यालय पूरे एशिया ओशनिया क्षेत्र में सहयोग को और घनिष्ठ करने की हमारी प्रतिबद्धता को बताता है। यह कार्यालय क्षेत्रीय विस्तार (आउटरीच) गतिविधियों, और उन अन्य पहलों के लिए प्राथमिक स्थान के रूप में कार्य करता है, जो IASB के काम में क्षेत्रीय भागीदारी को और अधिक विकसित करने के लिए स्थापित की जा सकती हैं।

एशिया ओशनिया में एक IFRS फाउंडेशन की उपस्थिति क्यों?

बढ़ते हुई आर्थिक महत्व का एक क्षेत्र

पिछले दशकों में हुआ आर्थिक विकास एक बहु-ध्रुवीय दुनिया की ओर स्थानांतरण दिखाता है जिसमें एशिया ओशनिया क्षेत्र एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह इस क्षेत्र के पूंजी बाजारों के निरंतर विकास में प्रतिबिंबित होता है। उदाहरण के लिए, वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेज के अनुसार, 2011 में दुनिया के सबसे बड़े दस शेयर बाजारों में से चार एशिया ओशनिया क्षेत्र में स्थित थे। एशिया-प्रशांत क्षेत्र के घरेलू बाजार का पूंजीकरण पिछले दशक दौरान चार गुना से अधिक हुआ।

घरेलू बाजार पूंजीकरण बिलियन अमरीकी डालर में



स्रोत: 2011 वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ एक्सचेंजेज, टाइम सीरीज

एशिया
EMEA
अमेरिकी महाद्वीप

यदि ईमानदारी से और निरंतर लागू किया जाये, तो अच्छे कार्यशील पूंजी बाजारों के लिए आवश्यक पारदर्शिता और तुलनीयता सुनिश्चित करने में IFRSs महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

एशिया ओशनिया में एक IFRS फाउंडेशन की उपस्थिति क्यों?

IFRSs की ओर बढ़ता एक क्षेत्र

पूरे एशिया ओशनिया क्षेत्र के क्षेत्राधिकार, एकल वैश्विक वित्तीय रिपोर्टिंग भाषा के रूप में, अधिकाधिक रूप से IFRSs के प्रति वचनबद्ध हो रहे हैं। क्षेत्र के अधिकांश देशों के IASB के साथ लंबे समय से स्थापित संबंध हैं और इस क्षेत्र की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से कइयों ने पहले से ही IFRSs को अपना लिया है, या अपनाने की दिशा में काम कर रही हैं।

लेखांकन मानक-स्थापना में पर्याप्त संसाधनों वाला एक क्षेत्र

जब से 2001 में IASB, स्थापित किया गया था, इसने पूरे एशिया ओशनिया क्षेत्र में राष्ट्रीय मानक प्रवर्तकों के साथ निकट सहयोग से काम किया है। दूसरों के साथ-साथ, ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और न्यूजीलैंड से मानक प्रवर्तकों में से सभी ने IASB के काम के विभिन्न पहलुओं के विकास में योगदान दिया है। इस द्विपक्षीय सहयोग के अतिरिक्त, IASB ने 2009 में अपनी स्थापना के बाद से, एशिया ओशनिया स्टैन्डर्ड-सैटर्स ग्रुप (AOSSG) के साथ भी निकटता से काम किया है। लेखांकन मानक स्थापना कौशल के इस गहन और अत्यधिक सक्षम पूल ने ही एशिया ओशनिया को IASB के पहले अंतरराष्ट्रीय कार्यालय के लिए एक स्वाभाविक पसंद बना दिया।

AOSSG के सदस्य

ऑस्ट्रेलिया	जापान	पाकिस्तान
ब्रुनेई	कज़ाखस्तान	फिलीपींस
कंबोडिया	कोरिया	सऊदी अरब
चीन	मकाओ	सिंगापुर
दुबई	मलेशिया	श्रीलंका
हांगकांग	मंगोलिया	थाईलैंड
भारत	नेपाल	उज़्बेकिस्तान
इंडोनेशिया	न्यूजीलैंड	वियतनाम
इराक		